## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (11.02.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE: 11.02.2025, PAGE-08

### 11 हजार सीटों के लिए पीजी में लिया जाएगा नामांकन

पीजी में 11 हजार सीटों के लिए नामांकन लिया जायेगा। पहली मेरिट लिस्ट में 10 हजार 885 छात्रों की मेरिट लिस्ट निकली है। पीजी में सबसे अधिक कटऑफ आरडीएस कॉलेज में हिन्दी विषय में गया है। हिन्दी विषय में 95 प्रतिशत कटऑफ गया है।

### राजभवन के निर्देश के अनुसार लेनी होगी फीस

पीजी फर्स्ट सेमेस्टर में राजभवन के निर्देश के अनुसार ही सभी छात्र-छात्राओं से फीस ली जायेगी। इस बारे में डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने सभी प्राचार्य और पीजी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजा है।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 11.02.2025, PAGE-08

## प्रो. मुजतबा बने कॉमर्स और मैनेजमेंट के डीन

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में कॉमर्स और मैनेजमेंट के नये डीन प्रो. सैयद आले मुजतबा बनाये गये हैं। विवि प्रशासन ने सोमवार को अधिसूचना जारी की। पूर्व के डीन प्रो. प्रेमानंद का कार्यकाल पूरा हो चुका था। उधर, जूलॉजी विभाग के नये अध्यक्ष प्रो. फैय्याज अहमद ने सोमवार को पदभार संभाला। इस मौके पर डीन प्रो. शिवानंद सिंह, डॉ. ममता कुमारी, डॉ. ब्रजकिशोर मौजूद रहे।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 11.02.2025, PAGE-08

## छात्र संवाद में आई शिकायतों के निपटारे की होगी मॉनिटरिंग

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में होने वाले छात्र संवाद में छात्रों की शिकायतों का निपटारा हो रहा है या नहीं, इसकी मानिटरिंग हर हफ्ते की जायेगी।

प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय इसकी खुद समीक्षा करेंगे। छात्र संवाद में प्रॉक्टर ने आईटी सेल के अमन राज को समस्याओं का निपटारा कर उसकी सूचना उन्हें देने का निर्देश दिया। विवि गेस्ट हाउस में छात्र संवाद में आये छात्रों ने डिग्री नहीं मिलने और परीक्षा देने पर भी अनुपस्थित करने की बात कही। एसएलके कॉलेज सीतामढ़ी के पंकज कुमार ने कहा कि वह सत्र 2022-25 का छात्र है। उसने पार्ट टू की परीक्षा दी थी। रिजल्ट में अबसेंट कर दिया गया है। सत्र 2021-24 के एक छात्र ने कहा कि उसे प्रोविजनल सर्टिफिकेट नहीं मिला है। उसे बताया गया कि अब प्रोविजनल की जगह ओरिजनल ही बनाई जाती है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:11.02.2025, PAGE-06

# पीएचडी एडमिशन टेस्ट में शामिल होंगे पांच ब्रांच के अभ्यर्थी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुरः सूबे में पहली बार इंजीनियरिंग में पीएचडी में नामांकन के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में पांच ब्रांचों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी की ओर से लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले योग्य अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। फुल टाइम मोड में होने वाली पीएचडी लिखित परीक्षा के लिए पांच ब्रांच के कुल 39 अभ्यर्थियों को जगह मिली है। अब विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही लिखित परीक्षा की तिथि जारी होगी। इसके बाद लिखित परीक्षा का परिणाम जारी किया जाएगा। इसके बाद इंटरव्यू की तिथि तय होगी। बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी की ओर से जल्द ही आगे की प्रक्रिया की तिथि जारी होगी। लिखित परीक्षा में सिविल, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अभ्यर्थी शामिल हैं।

**बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी ने जारी की योग्य अभ्यर्थियों की सूची**
**फुल टाइम मोड में होने वाली परीक्षा में 39 अभ्यर्थियों को जगह**



सबसे अधिक सिविल इंजीनियरिंग से 18 अभ्यर्थियों को लिस्ट में जगह मिली है। वहीं कंप्यूटर साइंस से तीन, इलेक्ट्रिकल से आठ, ईसीई से चार और मैकेनिकल से चार अभ्यर्थियों को जगह दी गई है। वहीं तीन अभ्यर्थियों को गेट का स्कोर अपलोड नहीं करने पर उनका आवेदन रिजेक्ट कर दिया गया है। दो अभ्यर्थियों के दस्तावेज में कमी है। उन्हें प्रोविजनल मंजूरी दी गई है। पहली बार हो रही पीएचडी परीक्षा के लिए 17 जनवरी तक आवेदन जमा हुए थे। कुल 50 सीटों के लिए पीएचडी की लिखित परीक्षा होनी थी। इसमें सविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस और ईसीई में 10-10 सीटें निर्धारित थी। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि जल्द ही प्रवेश परीक्षा की तिथि जारी होगी।

**पार्ट टाइम मोड में पीएचडी के लिए केवल इंटरव्यू :** पार्ट टाइम मोड में पीएचडी करने वालों के लिए केवल इंटरव्यू की प्रक्रिया होगी। वहीं फुल टाइम मोड में लिखित और इंटरव्यू दोनों परीक्षा होगी। जब लिखित परीक्षा हो जाएगी तो उसका परिणाम आएगा। इसके बाद इंटरव्यू की तिथि जारी होगी। पार्ट टाइम मोड में पीएचडी करने वाले अभ्यर्थियों को कोई भी लाभ नहीं मिलेगा। वहीं फुल टाइम में पीएचडी करने वाले अभ्यर्थियों को बीइयू की ओर से फेलोशिप भी मिलेगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR

DATE: 11.02.2025, PAGE-04


# चार वर्ष से रिजल्ट में सुधार के लिए चक्कर लगा रहा छात्र



विश्वविद्यालय में छात्र संवाद में समस्या लेकर पहुंचे छात्र • जागरण

**विश्वविद्यालय में लंबे समय के बाद सोमवार को छात्र संवाद का आयोजन, पेंडिंग रिजल्ट में सुधार के लिए कई विद्यार्थी पहुंचे**

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में लंबे समय बाद सोमवार को छात्र संवाद का आयोजन हुआ। इसमें पिछले दिनों की तुलना में कम आवेदन आए। रिजल्ट की गड़बड़ी को दूर कराने पहुंचे छात्र ने बताया कि वह चार वर्ष से परिणाम में सुधार के लिए दौड़ रहा है। टीडीसी पार्ट वन की परीक्षा में वह प्रमोट हो गया था। इसके बाद उसने दोबारा फर्स्ट ईयर की परीक्षा दी। एक पेपर में अनुपस्थित दर्शा उसका रिजल्ट पेंडिंग कर दिया गया। छात्र का सत्र 2018-21 है। उसने तीसरे वर्ष की पढ़ाई पूरी कर ली, लेकिन अब तक रिजल्ट जारी नहीं हो सका है। छात्र ने जल्द अपना परिणाम जारी करने का अनुरोध किया है। आरएलएसवाई कालेज के छात्र ने आवेदन देकर बताया है कि वह सत्र 2018-21 के तहत इतिहास की परीक्षा में शामिल हुआ था, लेकिन अनुपस्थित बताकर रिजल्ट पेंडिंग कर दिया गया। उसने शीघ्र परिणाम में सुधार के लिए आवेदन दिया है। छात्र संवाद में डीएसडब्ल्यू डा.आलोक प्रताप सिंह, प्राक्टर प्रो.बीएस राय आदि थे।

**Ref:....................** **Date:.........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:11.02.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू. विभागाध्यक्ष व प्राचार्यों को तय फीस लेने के निर्देश

# पीजी में एडमिशन हुआ शुरू, पहले दिन ही अधिक फीस की शिकायत

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के विभाग व कॉलेजों में पीजी सत्र 2024-26 में एडमिशन शुरू हो गया. पहले ही दिन ही विभागों में निर्धारित फीस से अधिक लिए जाने की शिकायत पदाधिकारियों तक पहुंच गयी. एक विभाग में अधिक फीस लेने की शिकायत लेकर छात्र विवि पहुंचे.

उनका कहना था कि विवि से फीस निर्धारित की है, लेकिन कई विभाग मनमानी फीस तय कर लिए हैं. मामले में कुलानुशासक प्रो बीएस राय ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष और प्राचार्यों को निर्धारित फीस लेने का निर्देश है. पीजी कोर्स के हर सेमेस्टर की फीस राजभवन से निर्धारित है. फर्स्ट सेमेस्टर की जो फीस तय है, वही लेना है. विवि की ओर से सभी विभागाध्यक्ष व संबंधित कॉलेज के प्राचार्यों को कहा गया है कि राजभवन से पीजी के लिए नोटिफाइड फीस ही लें. अधिक फीस लेने की शिकायत पर कार्रवाई की जायेगी. एडमिशन शुरू होने के साथ ही फीस को लेकर विवाद भी शुरू हो गया.

### 10794 छात्रों की मेरिट लिस्ट कर दी जारी

पहले दिन अधिकतर विभागों में छात्र एडमिशन के लिए जरूरी पेपर व फीस की जानकारी लेकर लौट गये. पीजी में एडमिशन के लिए 10,794 छात्र-छात्राओं की पहली मेरिट लिस्ट जारी हुई है. सभी विभाग और कॉलेजों में उपलब्ध सीटों व आरक्षण रोस्टर के अनुसार छात्र-छात्राओं को सीट आवंटित किया गया है. पहली मेरिट लिस्ट से एडमिशन के लिए 20 फरवरी तक का समय है. इसके बाद सभी विभाग व कॉलेज एडमिशन की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करेंगे. उसके बाद शेष सीटों के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की जायेगी. सोमवार से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन पहले दिन अधिकतर विभागों में इसकी तैयारी ही होती रही. बताया गया कि मंगलवार से सभी विभाग और कॉलेजों में एडमिशन शुरू हो जायेगा.

### रिजल्ट सुधार के लिए चार साल से चक्कर लगा रहा स्टूडेंट, बीआरएबीयू के छात्र संवाद में पहुंचा मामला



**मुजफ्फरपुर** . विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस मे सोमवार को आयोजित छात्र संवाद मे रिजल्ट सुधार के लिए चार साल से चक्कर लगा रहा स्टूडेंट पहुंचा . अधिकारियों को दिए आवेदन मे बेतिया के रहने वाले विश्वजीत चौबे ने संशोधित रिजल्ट शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया . स्नातक फर्स्ट इयर के एक पेपर मे कम अंक होने पर छात्र को सेकेंड इयर मे प्रमोट कर दिया . जब छात्र ने दुबारा फर्स्ट इयर की परीक्षा दी, तो एक पेपर मे अनुपस्थित बताकर रिजल्ट पेंडिग कर दिया गया . 2018-21 का है . पीड़ित छात्र चार साल से रिजल्ट मे सुधार के लिए चक्कर लगा रहा है, जबकि थर्ड इयर की पढ़ाई भी पूरी हो चुकी है . स्नातक सत्र 2022-25 मे एसएलके कॉलेज सीतामढ़ी के बीएससी के छात्र पंकज कुमार का सेकेंड इयर का रिजल्ट प्रैक्टिकल का अंक नही होने से पेंडिग है . आरएन कॉलेज हाजीपुर के सुधांशु कुमार को भी सेकेंड इयर की परीक्षा मे अनुपस्थित दिखाया गया है . कुलानुशासक व डीएसडब्ल्यू मौजूद थे . राम लखन सिंह यादव कॉलेज बेतिया के सत्र 2018-21 के छात्र विश्वजीत ने बताया कि इतिहास से स्नातक मे एडमिशन लिया था . फर्स्ट ईयर की परीक्षा वर्ष 2019 मे हुई, जिसमे कम अंक होने के कारण उसे प्रमोट किया गया . इसके बाद दुबारा वर्ष 2020 मे फर्स्ट इयर की परीक्षा मे वह शामिल हुआ था . इतिहास ऑनर्स के पेपर वन मे उसे अनुपस्थित दिखाया गया है, जबकि वह परीक्षा मे शामिल हुआ है .